26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 10 फरवरी, 2026

अंक- 108 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया ज़हर

## सामूहिक आत्महत्या से फैली सनसनी

**मथुरा (एजेंसी/चिंगारी)।** मथुरा के महावन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

तहसील महावन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खप्परपुर की ये घटना है। यहां के रहने वाले 35 वर्षीय किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा, दो बेटियां हनी और प्रियांशी और दो वर्षीय बेटे पंकज के शव मिले हैं। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा गया। बताया गया है कि मनीष की शादी आठ साल पहले मड़नई सादाबाद से हुई थी। मनीष के दो भाई और हैं, जो गांव में ही अलग-अलग घरों में रहते हैं। मनीष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इस मकान में रहता था। इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। घर के अंदर परिवार के सभी लोगों की लाशें मिलीं हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार घर के अंदर दीवार पर लिखा है कि 'अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।' बेटी सीमा और दामाद मनीष के साथ मासूम धेवता और धेवती की मौत की खबर मिलते ही विजेन्द्र भी गांव पहुंच गए। विजेन्द्र ने बताया कि बेटी और दामाद से एक दिन पहले ही मिलने आए थे। उन लोगों से बात भी हुई थी।

# पकड़ा गया शिवानी का झूठ मंडोरा में नहीं हुई थी लूट

## जेठानी के जेवर हड़पने के लिये किया था नाटक

बिजनौर (चिंगारी)। गत शनिवार को हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मण्डोरा जट में हुई लूट की सनसनीखेज घटना झूठी निकली। योगेन्द्र सिंह की पुत्रवधू शिवानी ने अपनी जेठानी के जेवर हड़पने के लिये लूट का नाटक किया था। इस नाटक की मास्टर माइंड शिवानी की मां और भाई थे। शिवानी ने घटना का नाटक करने से 3 दिन पूर्व ही घर के जेवर उठाकर अपने भाई को दे दिये थे।



पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में शिवानी द्वारा रचे गये नाटक का खुलासा करते हुए एसपी अभिषेक झा ने बताया कि मंडोरा जट में लूट की कोई घटना नहीं हुई थी। शिवानी ने अपनी मां और भाई के बहकावे में आकर लूट का नाटक किया था।

उल्लेखनीय है कि गत 7 फरवरी को ग्राम मण्डोरा जट में योगेंद्र सिंह के घर में दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज घटना हो जाने की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया था। एसपी अभिषेक झा ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली थी। उन्होंने घटना के खुलासे के लिये पुलिस की कई टीमों का गठन किया था। योगेंद्र की पुत्रवधू शिवानी ने बताया था कि घर में भिखारी के वेश में एक पुरुष व एक महिला आई थी। उन्होंने शिवानी की गर्दन पर चाकू रखकर सोने-चांदी के आभूषण लूट लिये थे।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला। पुलिस को उस समय शक हुआ, जब शिवानी का मंगलसूत्र उसी के कमरे में मिला। जबकि शिवानी ने पुलिस को बताया था कि बदमाश उसके नाक-कान, गले के सभी आभूषण भी लूटकर ले गये हैं। पूछताछ में शिवानी के बयानों में विरोधाभास पाया गया, जिससे पुलिस का शक और पुख्ता हुआ। पुलिस ने शिवानी, उसकी मां व उसके भाई से अलग-अलग पूछताछ की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। एसपी अभिषेक झा ने बताया कि शिवानी के जेठ ने हाल ही में कहीं कोई प्लॉट खरीदा था। शिवानी को ईर्ष्या हुई। उसने अपनी मां से ये बात बताई तो उसकी मां ने आग में घी डालने का काम किया। शिवानी की मां संजो देवी ने उसे समझाया कि कोई किसी का नहीं होता। जेठ तरक्की कर रहा है और तेरा पति घर के ही कामों में उलझा रहता है। संजो देवी ने शिवानी को अपनी जेठानी के जेवर उड़ाने का पाठ पढ़ाया। इस योजना में शिवानी का भाई गोलू उर्फ पंकज भी शामिल था। तीनों ने जेठानी के जेवर साफ कर लूट का नाटक करने की योजना बनायी। तीन दिन पूर्व शिवानी ने जेठानी के सारे जेवर उठाकर अपने भाई गोलू उर्फ पंकज को दे दिये थे। पंकज ने जेवर अपने गन्ने के खेत में जाकर दबा दिये थे। पुलिस ने शिवानी, उसकी मां संजो देवी व शिवानी के भाई गोलू उर्फ पंकज को गिरफ्तार कर सभी आभूषण बरामद कर लिये हैं।

सम्बंधित खबर पेज 5 पर





Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road,
Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

➢अलमीरा कारीगर- 10
➢पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
➢सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177


जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी (MENISCUS) फटना
2. लिगामेंट का टूटना (ACL/PCL)
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना (SHOULDER DISLOCATION) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना (Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना (DAA) /घुटने का बदलना (विदेशी Implant के साथ)
7. टूटी हड्डियों का Operation (Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# नूरपुर विकास खंड की एक दिवसीय खेल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

## ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने किया शुभारंभ



क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं आकांक्षा चौहान।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** खालसा इंटर कॉलिज में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। आकांक्षा चौहान ने बच्चों को प्रदेश सरकार की खेल योजनाओं की जानकारी देते हुए बच्चों को शारीरिक शिक्षा, व्यायाम, खेलों में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश ने बच्चों के मन में खेल के प्रति उत्साह और खेल के माध्यम से बच्चों में देश प्रेम की भावना को जागृत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विकास खंड की 14 न्याय पंचायत के विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। प्राथमिक बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त 50 मी. दौड़ में प्राथमिक विद्यालय पोटा की बालिका चारु, 100 मी. दौड़ में कंपोजिट विद्यालय बामनौला की बालिका आंशिक, 200 मी. दौड़ में प्राथमिक विद्यालय इनायतपुर की बालिका अर्शी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यायल का नाम रोशन किया।

उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय कन्हैडी का दबदबा रहा। इस विद्यालय की बालिकाओं ने 100 मी., 200 मी., 400 मी., 600 मी. में क्रमश: कृतिका, कविता, मोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यायल और शिक्षकों, अभिभावकों का नाम रोशन किया तथा प्राथमिक विद्यालय ब्लॉक वर्ग में 100 मी., 200 मी., 400 मी. दौड़ में प्राथमिक विद्यालय ओलियापुर के बालकों का दबदबा रहा। इसमें क्रमश: सानिब, विहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यायल का नाम रोशन किया। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय शादीपुर के बच्चों ने100 मी., 400 मी., 600 मी. में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 200 मी. में उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहदपुर गुलाल के पिंटू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग कब्बड्डी और खो-खो में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय बीरबलपुर, शादीपुर की बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कबड्डी व खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय शादीपुर और पाहूली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विजेताओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह, नितिन चौहान, हरिंद्र सिंह, विशेष कुमार, विनेश कुमार, कमल कुमार, मोहन कुमार, शमीम अहमद, नासिर हुसैन, राजवीर सिंह, अंगजीत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

## हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक लायी, विद्यालय से संध्या ने स्कूटी पाई



छात्रा संध्या को स्कूटी की चाबी सौंपते इंजी. विकास राजपूत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर स्थित स्मार्ट एजुकेशन एकेडमी ने संस्था की छात्रा को हाईस्कूल के परीक्षाफल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए स्कूटी भेंट की है। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 2025 के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में स्मार्ट एजुकेशन एकेडमी की होनहार छात्रा संध्या राजपूत ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर संस्था व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया था। इस उत्कृष्ट उपलब्धि को हासिल करने के लिए स्मार्ट एजुकेशन एकेडमिक ने एक अनूठी पहल की है। एकेडमी के प्रबंधक इंजीनियर विकास राजपूत ने कहा कि संध्या ने कड़ी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल बेहतर शिक्षा देना है, बल्कि उन्हें प्रोत्साहित करना है। यह स्कूटी संध्या की आने वाली पढ़ाई और भविष्य के लिए एक छोटी सी उपलब्धि है। संध्या राजपूत इस शानदार गिफ्ट को पाकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय एकेडमी के शिक्षकों और अपने माता-पिता को दिया है। एकेडमी पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम दे रही है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।
एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव
Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# चंदोक-सुंगरपुर मार्ग पूर्णतः क्षतिग्रस्त, क्षेत्रवासी त्रस्त



जगह-जगह से उखड़ा पड़ा चंदोक-सुंगरपुर बेहड़ा मार्ग।

**नांगल सोती (चिंगारी)।** चंदोक-सुंगरपुर बेहड़ा सम्पर्क मार्ग बालावाली पहुंचने का प्रमुख मार्ग है, जबकि गंगा नदी पर बना बालावाली का पुल यूपी -उत्तराखंड की सीमा पर स्थित है। क्षेत्र के ही नहीं दूरदराज के क्षेत्रों के वाहन चालक भी इसी मार्ग से होते हुए उत्तराखंड के लक्सर, रुड़की सहित अन्य क्षेत्रों को जाते हैं। जबकि उत्तराखंड की ओर से भी पुल पार करके बड़ी संख्या में वाहन चालक इस मार्ग से गुजरते हैं। उक्त मार्ग दो राज्यों को जोड़ने वाले पुल का एक ओर का प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, वहीं यह मार्ग देर रात्रि तक व्यस्त रहता है। इस मार्ग से कई गांवों के किसानों के गन्ना वाहन (ट्रैक्टर-ट्रॉली) भी गुजरते हैं। लगभग 5 वर्ष पूर्व इस मार्ग की मरम्मत की गई थी, जिसके तहत सड़क के ऊपर 20 मिमी मोटाई की पीसी (प्री- मिक्स कार्पेट) बिछाई गई थी, लेकिन अब यह सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त है। सड़क का डामर अधिकांश जगह से उखड़ चुका है। सुंगरपुर बेहड़ा के ग्राम प्रधान डा. महीपाल सिंह, पूर्व प्रधान राजपाल सिंह, साधुराम सिंह, मैंगपाल सिंह, सुशील कुमार, रितिक कुमार आदि ने लोक निर्माण विभाग से उक्त मार्ग की मरम्मत कराये जाने की मांग की है।

### जल्द होगी मरम्मत

**लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद के एई मोहन पांडे ने बताया कि जल्द ही पीसी नवीनीकरण कराया जायेगा। 20 मिमी मोटाई की पीसी बिछाई जायेगी। संभवतः मार्च के महीने में सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू होगा।**

# युवक ने बालिका को गोद में उठाया
## परिजनों ने अपहरण का आरोप लगाया

### पुलिस ने मामले को झूठा बताया

**नहटौर (चिंगारी)।** शादी समारोह में आई एक बालिका को एक युवक ने गोद में उठा लिया, जिस पर परिजनों ने युवक पर बालिका के अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस जांच में मामला झूठा निकला। सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ी वीडियो भी वायरल हुई है। नहटौर में नूरपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में सोमवार को वैवाहिक कार्यक्रम था। एक तीन वर्ष की बालिका बैंकट हॉल से बाहर निकल गई, जिसे वहां पर खड़े एक युवक ने गोद में उठा लिया, इसी दौरान बालिका के परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बताया जाता है कि बैंकट हॉल से करीब 500 मीटर दूर चांदपुर चुंगी के पास बालिका परिजनों को मिल गयी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पहले परिजनों द्वारा युवक पर बच्ची के अपहरण करने का आरोप लगाने लगे, लेकिन बाद में कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। मौके पर युवक के परिजन की पहुंच गए, उन्होंने युवक को मानसिक रूप से कमजोर बताया। पुलिस ने बताया कि बालिका के अपहरण का मामला पूरी तरह से गलत था। बालिका के परिजनों ने कोई कार्रवाई न करने की बात कही। उक्त मामले से जुड़ी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। हालांकि वीडियो के सत्य होने की चिंगारी पुष्टि नहीं करता है। अपराध निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि जांच में अपहरण के आरोप गलत पाए गए। परिजनों को गलतफहमी हो गई थी।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# बैंक में नकब लगाने वाला गिरफ्तार



पुलिस ने चोर का चालान कर दिया।

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में सात दिन पहले हुई नकबजनी की घटना में पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे की मदद से स्थानीय एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस चौकी इंचार्ज द्वारा इस घटना का शीघ्र खुलासा किये जाने पर नगर व्यापार मंडल ने सराहना की है।

विगत 2-3 फरवरी की रात्रि बस स्टैण्ड पर स्टेट बैंक की शाखा में नकब लगाकर बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया था। नकब लगाकर अंदर घुसे चोर ने सीसी टीवी कैमरों, सायरन के तार काटकर कैश रूम का ताला तोड़ने का प्रयास किया था। गश्ती पुलिस का सायरन सुनकर वह चोरी की घटना को अंजाम देने में नाकाम रहा था। चोरी की घटना बैंक में लगे एक कैमरे में कैद हो गई थी। बस स्टैण्ड पर रोड साइड पर लगे कैमरों में भी वह रात्रि तीन बजे संदिग्ध स्थिति में देखा गया। घटना की रिपोर्ट शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार द्वारा अज्ञात में लिखाई गई थी। एसआई राजवीर सिंह, हैड कांसटेबिल अनूप सिंह, भूप सिंह व थाने की संयुक्त टीम ने सीसी टीवी कैमरे की मदद से सैनी धर्मशाला के पास रहने वाले युवक दीपक पुत्र शेर सिंह को हिरासत में लेकर घटना की बाबत पूछताछ की तो उसने सब कुछ बता दिया। पुलिस ने उसके पास से आलानकब भी बरामद किया। घटना से पहले उसने बैंक में दिन में जाकर रेकी की थी। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने घटना के खुलासे की पुष्टि करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## सुनेत्रा की ताजपोशी के पीछे?

ठीक ही कहा जाता है कि राजनीति जज्बात से नहीं, हालात के हिसाब से चलती है। महाराष्ट्र में सुनेत्रा पवार का शपथ ग्रहण इसका ताजा उदाहरण है। सुनेत्रा के आंसू अभी सूखे भी नहीं, पति अजित पवार के निधन के शोक से उबरना तो दूर की बात है, फिर भी उन्होंने सियासी तकाजे को ही प्राथमिकता दी और महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनकर इतिहास रच दिया। पारिवारिक वज्रपात के बीच सिंहासन पर बैठने को लेकर उनकी आलोचना स्वाभाविक है, क्योंकि समाज के सोचने का अपना ढंग है। सियासी हस्तियों से भी उसे सामाजिक परंपराओं और पारिवारिक संस्कारों को अपनाने की उम्मीद रहती है। लेकिन सवाल यह है कि सुनेत्रा की ताजपोशी से महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ने जा रहा है? प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि सुनेत्रा ने आनन-फानन में शपथ ले ली। महाराष्ट्र के राजभवन में जनवरी महीने के आखिरी दिन जो राजनीतिक इतिहास रचा गया, उसकी कहानी किसने लिखी थी। यह बात छुपी हुई नहीं है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों धड़ों के बीच सुलह और एकीकरण की बात चल रही थी। कहा तो यहां तक गया कि 12 फरवरी को दोनो पार्टियों के विलय पर अजीत और शरद में सहमति हो चुकी थी। लेकिन अजीत के न रहने के बाद समीकरण बदल गए। अजीत के साथ गए अहम नेताओं प्रफुल्ल पटेल, आर आर पाटिल और सुनील तटकरे जैसे नेताओं की आशंकाएं बढ़ गईं। उन्हें डर था कि अगर विलय हुआ तो शरद पवार की पार्टी पर नियंत्रण बढ़ जाएगा। इसके चलते सुप्रिया सुले की पार्टी पर पकड़ बढ़ जाएगी। सुप्रिया के नियंत्रण में इन नेताओं का काम करना असहज होता। । उन्हें आशंका थी कि विलय के बाद पार्टी पर पकड़ होने के चलते शरद के बहाने सुप्रिया का चाबुक उन पर चल सकता है। लेकिन अगर पार्टी अलग रहती है और सुनेत्रा के हाथ कमान रहती है तो इन नेताओं की सियासी सेहत बनी और बची रह सकती है। यही वजह है कि अजीत पवार के निधन के चलते हुए आधिकारिक शोक की मियाद खत्म होते ही प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे जैसे नेता सक्रिय हो गए। विधायक दल की बैठक बुलाई गई और सुनेत्रा को तत्काल उसका नेता चुनकर उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार कर लिया गया।

..जारी

# यूरोपीय संघ : विश्व राजनीति में एक शांत और प्रभावशाली संघ

भारत के साथ ट्रेड डील से इन दिनों ई यू यानि यूरोपीय संघ चर्चा में है। यूरोपीय संघ केवल देशों का समूह नहीं है, वह इतिहास की प्रयोगशाला है, जहां सदियों की लड़ाइयों, साम्राज्यों के उत्थान पतन और सीमाओं के खून से खिंचे नक्शों के बाद यह तय किया गया कि अब तलवार नहीं, समझौता चलेगा। द्वितीय विश्व युद्ध के मलबे से उठकर यूरोप ने यह स्वीकार किया कि राष्ट्रवाद की अति अंततः राष्ट्रों को ही लहूलुहान करती है। इसी स्वीकारोक्ति से जन्म हुआ यूरोपीय संघ का, जो आज दुनिया की सबसे संगठित और जटिल बहुराष्ट्रीय संरचनाओं में से एक है।



वर्तमान यूरोपीय संघ में सत्ताईस देश शामिल हैं। जर्मनी और फ्रांस इसकी धुरी माने जाते हैं, तो इटली और स्पेन इसकी ऐतिहासिक आत्मा हैं। नीदरलैंड, बेल्जियम और लक्जमबर्ग जैसे छोटे देश इसके प्रशासनिक संतुलन को साधते हैं। पूर्वी यूरोप से पोलैंड, हंगरी, चेक गणराज्य, स्लोवाकिया, रोमानिया और बुल्गारिया जैसे देश इसके विस्तार का प्रतीक हैं। बाल्टिक क्षेत्र के एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया इसकी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करते हैं। साइप्रस और माल्टा भूमध्य सागर की आवाज हैं, जबकि स्कैंडिनेवियाई स्वीडन, फिनलैंड और डेनमार्क इसकी सामाजिक चेतना को आकार देते हैं। ब्रिटेन कभी इसका हिस्सा था, पर ब्रेक्जिट ने यह सिखा दिया कि संघ में रहना भी एक राजनीतिक धैर्य की मांग करता है।

यूरोपीय संघ की कोई एक राजधानी नहीं है, और यही उसकी खासियत भी है। यह सत्ता को एक स्थान पर केंद्रित करने के बजाय उसे फैलाकर संतुलित करता है। ब्रसेल्स इसका प्रशासनिक चेहरा है, जहां से नीतियां बनती हैं और फाइलें चलती हैं। स्ट्रासबर्ग लोकतांत्रिक मंच है, जहां यूरोपीय संसद की बहसें गूंजती हैं। लक्जमबर्ग न्यायिक विवेक का केंद्र है, जहां कानूनों की आत्मा को परखा जाता है। यह बिखराव दरअसल शक्ति के विकेंद्रीकरण का प्रतीक है, जो यूरोपीय संघ की मूल भावना से मेल खाता है।

मुद्रा के स्तर पर यूरोपीय संघ ने साहसिक कदम उठाया। यूरो नामक साझा मुद्रा को अपनाकर कई देशों ने अपनी सदियों पुरानी राष्ट्रीय मुद्राओं को इतिहास में दर्ज कर दिया। यह केवल नोट और सिक्के बदलने का मामला नहीं था, यह आर्थिक संप्रभुता का साझा प्रयोग था। हालांकि सभी सदस्य देशों ने यूरो को नहीं अपनाया है। कुछ देशों ने अपनी मुद्रा बनाए रखी है, ताकि आर्थिक नीतियों पर उनका सीधा नियंत्रण बना रहे। यूरोपीय केंद्रीय बैंक फ्रेंकफर्ट से इस साझा मुद्रा की नब्ज थामे बैठा है, और पूरे महाद्वीप की आर्थिक धड़कन को संतुलित रखने की कोशिश करता है।



लोकतंत्र की दृष्टि से यूरोपीय संघ एक दिलचस्प संरचना है। यहां नागरिक केवल अपने देश की सरकार नहीं चुनते, बल्कि एक महाद्वीपीय संसद के प्रतिनिधि भी चुनते हैं। हर पांच वर्ष में होने वाले यूरोपीय संसद के चुनाव इस बात का संकेत हैं कि नागरिकों की आवाज राष्ट्रीय सीमाओं से आगे जाकर सुनी जाती है। हालांकि अक्सर यह भी देखा गया है कि आम नागरिक यूरोपीय चुनावों को राष्ट्रीय राजनीति की कसौटी पर ही तौलता है, जिससे संघ और जनता के बीच दूरी की बहस जन्म लेती है। प्रशासनिक ढांचे में यूरोपीय संघ एक संतुलन साधने की निरंतर कोशिश है। यूरोपीय आयोग प्रस्ताव लाता है, यूरोपीय परिषद दिशा तय करती है, संसद बहस और संशोधन करती है, और न्यायालय अंतिम व्याख्या करता है। यह प्रक्रिया धीमी लग सकती है, पर यही इसकी मजबूती भी है। जल्दबाजी में लिए गए फैसलों से यूरोप पहले ही बहुत कुछ खो चुका है, इसलिए यहां निर्णय समय लेते हैं, पर सोच समझकर लिए जाते हैं। अंततः यूरोपीय संघ एक राजनीतिक व्यवस्था से अधिक एक विचार है। यह विचार कि विविध भाषाएं, संस्कृतियां और राष्ट्रीय स्वार्थ एक साझा मंच पर रह सकते हैं। यह प्रयोग पूरी तरह सफल है या नहीं, यह बहस का विषय हो सकता है, पर इतना तय है कि यूरोपीय संघ ने दुनिया को यह दिखाया है कि शक्ति केवल सैन्य या आर्थिक नहीं होती, बल्कि सहयोग और सहमति भी एक बड़ी ताकत हो सकती है। शायद इसी कारण यूरोपीय संघ आज भी विश्व राजनीति में एक शांत, लेकिन प्रभावशाली उपस्थिति बना हुआ है। (विनायक फीचर्स)

-विवेक रंजन श्रीवास्तव

# हाजी विसाल कुरैशी अध्यक्ष, अबरार अहमद महामंत्री बने

## व्यापार संगठन की हरिद्वार रोड शाख का गठन



मनोनीत कर सम्मानित किये गये व्यापारी प्रमाण-पत्रों के साथ।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के हरिद्वार रोड के व्यापारियों की एक सभा आयोजित की गई। सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ रहे। इस मौके पर कपिल सर्राफ ने हाजी विशाल कुरैशी को हरिद्वार रोड शाखा का अध्यक्ष, अबरार अहमद को महामंत्री, नरेंद्र पोपली, मोहम्मद मुनव्वर, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद सनम उपाध्यक्ष, विवेक माहेश्वरी सचिव, अनुज अग्रवाल को संगठन मंत्री मनोनीत करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदू सर्राफ, श्रीमती सुमन वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महामंत्री रईस कुरैशी, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष युवा शेर अली, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, पंकज वर्मा, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद असलम, सिताब खान, अनिल गर्ग, विवेक माहेश्वरी, नरेंद्र पोपली, फईम घोसी, मोहम्मद आसिफ, जावेद कुरैशी, अनुज अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, महताब पहलवान, महबूब अहमद सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री बिंदू सर्राफ एवं प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा ने कहा कि उनका संगठन नम्बर एक व्यापारी संगठन बन गया है। व्यापारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि उनके संगठन में प्रत्येक व्यापारी की समस्या सुनकर उसे हल कराने का पूरा प्रयास किया जाता है।

# मां के लालच ने बर्बाद कर दिया बेटी का घर

बिजनौर (चिंगारी)। लालच बुरी बला है। संजो देवी के मन में आये लालच ने उसकी बेटी का घर बर्बाद कर दिया। हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम बिसाठ निवासी संजो देवी की पुत्री शिवानी का विवाह 4 वर्ष पूर्व हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट में हुआ था। बेटी की ससुराल वाले खुशहाल हैं। बेटी भी अपने 3 साल के पुत्र के साथ ससुराल में खुश रह रही थी। संजो देवी से बेटी के ससुराल वालों की खुशहाली देखी न गई। उसने अपनी बेटी के कान भरने शुरू कर दिये। उसने बेटी को समझाया कि कोई किसी का नहीं होता। अभी से अपने बच्चों के लिये ससुराल वालों की चोरी से पैसा जोड़ना शुरू कर दो। बताया जाता है कि पिछले दिनों शिवानी के जेठ ने कहीं प्लॉट खरीदा है। ये सुनकर शिवानी की मां का कलेजा फट गया। उसने अपनी बेटी से कहा जेठ ने प्लॉट खरीद लिया और तू खाली है। यहीं से शिवानी के घर की बर्बादी का सिलसिला शुरू हो गया। पुलिस के अनुसार शिवानी की मां ने अपनी बेटी को जेठानी के जेवर साफ करने का पाठ पढ़ा दिया। उसने शिवानी को उसके भाई की शादी का हवाला देते हुए कहा कि तेरे भाई की शादी होनी है। शादी में जेवर और पैसा चाहिए, जो हमारे पास नहीं है। शिवानी भावनाओं में बह गई। उसने अपनी मां और भाई के साथ मिलकर लूट का नाटक करने की योजना बना ली। घटना से 3 दिन पूर्व 4 फरवरी को उसने ट्रैक्टर-ट्राली के लोहे के गुल्ले से अलमारी का ताला तोड़ा और उसके 14 तोले सोना व करीब 100 ग्राम चांदी के आभूषण उठा लिये। शिवानी ने अपने भाई गोलू उर्फ पंकज को बुलाया और जेवर उसके हवाले कर दिये। शिवानी के भाई की मां ने ये जेवर अपने गन्ने के खेत में दबा दिये थे। योजना अनुसार शिवानी ने 7 फरवरी को अपने घर में लूट का नाटक किया। नाटक को हकीकत में बदलने के लिये शिवानी ने अपने गले पर चोट भी बनाई। उसने घर में लूट होने का शोर मचा दिया। पुलिस पहुंची तो उसने बताया कि घर में एक महिला और एक पुरुष आया था। उसने उसके गले पर चाकू रखकर न केवल जेठानी के बल्कि उसके जेवर भी लूट लिये।

## ससुर को देख रो पड़ी

**जिस समय पुलिस शिवानी को जेल भेजने की तैयारी कर रही थी, उसी समय उसका सामना उसके ससुर योगेन्द्र सिंह से हो गया। वह ससुर को देख फफक-फफककर रोने लगी। वह हाथ जोड़कर ससुर से कह रही थी कि उससे बहुत बड़ी गलती हो गई। उसे माफ कर दो।**

## पुत्र को देख नहीं रोक पाई आंसू

**जेल जाते समय शिवानी अपने 3 वर्षीय पुत्र को देख सिसक-सिसक कर रोने लगी। वह बार-बार कह रही थी कि उसने अपनी मां और भाई के चक्कर में अपना घर बर्बाद कर लिया। शिवानी ने अपने पति अमित कुमार से भी रो-रोकर माफी मांगी। वह अपने पति से बार-बार कह रह थी कि बेटे का ख्याल रखना।**

## गांव में बदनामी हुई

**शिवानी के ससुर ने अपनी बहू की करतूत पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि उसकी जरा सी नादानी से गांव में उनकी बहुत बदनामी हो गई।**

## लोग कर रहे थे विश्वास

**शिवानी ने लूट का इस ढंग से नाटक किया था कि उसकी हर बात सच लग रही थी। वह बदहवासी की हालत में दिख रही थी और रो-रोकर अपने साथ हुई लूट की कहानी सुना रही थी। उसने एसपी सहित सभी पुलिस अधिकारियों को लूट की कहानी इस तरह सुनाई कि सबको उसकी बातों में सच्चाई नजर आने लगी। पुलिस ने बारीकी से जांच की तो शिवानी के नाटक का चौंकाने वाला खुलासा हुआ।**

## नहटौर पुलिस ने चाइनीज मांझे की तलाश में चलाया चैकिंग अभियान

**नहटौर (चिंगारी)।** सोमवार की सायं नहटौर थाने निरीक्षक अपराध विपिन कुमार के नेतृत्व में एसएसआई कुलजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक ने पुलिस बल तथा नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ अवैध चाइनीज़ मांझा बिक्री पर रोक के लिए कस्बा नहटौर में चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने पतंग विक्रेता ऑन को चाइनीज मांझा न बेचने के निर्देश दिये। साथ ही चाइनीज मांझा बेचते हुए मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इसके अलावा पुलिस ने अतिक्रमण भी हटवाया।

## सूचना

मेरा पुत्र अ. वहाब, अ. राफे, मौ. जैद व पुत्री साहिल खातून, आसमा खातून, आयशा खातून, कलसूम, जैनब मेरे कहने में नहीं है, मेरी नाफरमानी व बेइज्जती करते है। इसलिए मैने इन सभी से संबंध विच्छेद कर इन सबको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से आक कर दिया है। मुझे इन सबसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है, अगर मेरे साथ कोई वारदात होती है तो इसके जिम्मेदार उक्त सभी लोग होंगे।

**-अब्दुल समी पुत्र श्री मोबीन, निवासी राहतपुर खुर्द थाना, मण्डावली जिला बिजनौर**

## Information

In School record my daughter name is Madiha. Her Correct name is Madiha Dilshad. Her Mother Name is Sana Parveen and her mother correct name is Sana Dilshad .

R/O Mohalla Muglushah, Near small Post office Najibabad, Distt- Bijnor UP.

## Information

In School record my Son Mohammad Ahmad Mother's name is Sana Parveen. His Mother's Correct name is Sana Dilshad. R/O Mohalla Muglushah Near small Post office Najibabad, Distt- Bijnor UP.

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर

OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE DISTRICT BIJNOR.

दूरभाष / फैक्सः01342–262026 / 261071 ईमेलः spbjr-up@nic.in

पत्रांकः भ–49 / 2025 दिनांकः फरवरी 9 , 2026

कृपया अवगत कराना है जनपद बिजनौर के निम्न आवासीय भवनों के मरम्मत कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–2026 में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाइन (https://etender.up.nic.in) के माध्यम से दिनांकः 12.02.2026 से दिनांकः 17.02.2026 तक खुली ई–निविदा आमंत्रित की जायेगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते (https://etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है, जहाँ से अवलोकन किया जा सकता हैः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के किचन की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 18,200/– |
| 2 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के टॉयलेट की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 16,636 /– |
| 3 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के ड्राईंग रूम की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 24,900/– |
| 4 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के डॉयनिंग रूम की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 25,000/– |
| 5 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के बैड रूम की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 24,900/– |
| 6 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के स्टोर रूम,पूजा घर की छत के ऊपर ब्रिकोवा का कार्य | 24,900/– |
| 7 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के सामने की बाउन्ड्रीवॉल की रंगाई पुताई का कार्य | 24,800/– |
| 8 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के पीछे की बाउन्ड्रीवॉल की रंगाई पुताई का कार्य | 24,800/– |
| 9 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के दायें बाउन्ड्रीवॉल की रंगाई पुताई का कार्य | 25,000/– |
| 10 | प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन बिजनौर आवास के बायें बाउन्ड्रीवॉल की रंगाई पुताई का कार्य | 25,000/– |

**पुलिस अधीक्षक**
बिजनौर

# 12वीं के विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक विदाई दी




स्योहारा (चिंगारी)। आरएसपी इंटर कॉलेज में सोमवार को 12वीं क्लास के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। परिणीता त्यागी के संचालन में संपन्न इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक रानी संयोगिता सिंह ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं की ओर से कांता प्रसाद पुष्पक, वीरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, पंकज छाबड़ा, रघुवीर सिंह, ओमेंद्र त्यागी, रामसेवक आदि अध्यापकों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा जो अन्य अध्यापक हिंदी, अंग्रेजी, मैथ्स आदि की शिक्षा प्रदान करते हैं, उनको भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केपी पुष्पक ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय में रहते हुए अनुशासन में रहना चाहिए और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अच्छी तरह से करनी चाहिए, जिससे कि अच्छे अंक आने पर विद्यालय और क्षेत्र का भी नाम रोशन हो सके। इस अवसर पर स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने भी जमकर धमाल मचाया। कार्यक्रम के अंत में विज्ञान अध्यापक कांता प्रसाद पुष्पक की ओर से सभी छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ को सुरुचि पूर्ण भोजन की व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओमेन्द्र कुमार त्यागी, वंदना राय, बलवंत सिंह, अरविंद चौधरी, उपेश कुमार गौतम, मोहम्मद जावेद, उमेश कुमार, दौलत सिंह, अनुज रस्तोगी, शरद वर्मा, शिखरचंद शर्मा, विनेश यादव, राम किशन, कोमल चौहान, राजीव चौहान आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से मिले सफलता के सूत्र



बिजनौर (चिंगारी)। सेंट मेरी स्कूल, बिजनौर के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा 2026 (पीपीसी 2026) के नौवें संस्करण में उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने और सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से संवाद करते हुए परीक्षा को जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा मानने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री के अनुभवों, प्रेरक विचारों और मार्गदर्शन को बड़े ध्यानपूर्वक सुना। इस संवाद से विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा की बेहतर तैयारी के सूत्र मिले, बल्कि जीवन में संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख भी प्राप्त हुई।






# ताइक्वांडो में गुरुकुल के बच्चों ने जीते कई मेडल

नांगल सोती (चिंगारी)। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर की ताइक्वांडो टीम ने बिजनौर में आयोजित 14वीं डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में 5 गोल्ड, 8 सिल्वर और 7 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। चैंपियनशिप का आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन बिजनौर द्वारा वर्धमान डिग्री कॉलेज बिजनौर में 8 फरवरी को किया गया था। गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर की टीम से अक्षिता, अर्श, देवराज, रिहान एवं अरहान ने 5 गोल्ड मेडल, कनिष्का, ताज़ीम, अंश पाल, अक्षिता, देव पाल, मितुल पाल, कार्तिक एवं यश ने 8 सिल्वर मेडल तथा अर्णव, कृष्णा, वैष्णवी, आर्यन, तनिष्क एवं ऋतिक ने 7 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किये। स्कूल के एम.डी. डालचंद पाल और ताइक्वांडो कोच ब्रजेश कुमार के नेतृत्व एवं दिशा-निर्देशन में सभी बच्चों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। स्कूल पहुंचने पर सभी मेडल विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत सहित समस्त स्टाफ ने सभी विजेता बच्चों को शुभकामनायें दीं।



एमडी और कोच के साथ मेडल जीतने वाले गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे







# बरामद हुई थी चरस सजा हुई ढाई बरस

**बिजनौर (चिंगारी)।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने आधा किलोग्राम चरस रखने वाले अभियुक्त प्रकाश को दो वर्ष छह माह कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रितेश कुमार चौहान के अनुसार नगीना थाने में तैनात उपनिरीक्षक अजय कुमार पुलिस बल के साथ 16 नवंबर 2020 को शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के वांछित तत्वों की तलाश में गश्त पर थे। जब ये लोग धामपुर गेट के पास पहुंचे, मुखबिर ने सूचना दी कि बूढ़ावाला चुंगी पर एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास चरस है। जब पुलिस चुंगी पर पहुंची तो वह व्यक्ति तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस ने दबिश देकर रात्रि करीब पौने नौ बजे उसे पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम प्रकाश पुत्र मुरारी सिंह निवासी मोहल्ला बिश्नोई सराय कस्बा व थाना नगीना बताया। प्रकाश के पास तलाशी लेने पर आधा किलोग्राम चरस बरामद हुई। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार ने चरस रखने पर प्रकाश को नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8/20 के तहत दो वर्ष छह माह कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## हत्या के मामले में चार को दस साल की सजा

**बिजनौर/धामपुर (चिंगारी)।** हत्या के मामले में न्यायालय ने चार को 10 वर्ष के कठोर कारावास के साथ-साथ 88000 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनायी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परमावाला को 8 जुलाई 2016 को हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति की गंभीर चोट के कारण मौत हो गई थी। तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने ईश्वर, केशव, घनश्याम, नंदलाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी थी। जांच के दौरान चारों आरोपियों पर आरोप सिद्ध पाए जाने पर पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की जनसुनवाई के दौरान ठोस साक्षी गवाह पेश किए गए। पुलिस की मॉनिटरिंग सेल द्वारा केस की निरंतर समीक्षा की जा रही थी, जिससे मुकदमे की प्रभावी पैरवी मजबूत हो सकी। सोमवार को न्यायालय ने चारों दोषियों को दोषी करार देते हुए 10 साल की कठोर सजा सुनाई।

# झूठी शिकायत कर दो लाख रूपये मांगने का आरोप

## सिंचाई विभाग के जेई ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**बिजनौर (चिंगारी)।** नहर विभाग में कार्यरत एक जेई ने विभाग के ही सेवानिवृत्त कर्मचारी मुजफ्फरनगर निवासी एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी, दो लाख रुपए मांगने व एससी-एसटी अधिनियम के अन्तर्गत आरोप लगाते हुए थाना कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज करायी है। आवास विकास कालोनी बिजनौर निवासी कविराज पुत्र मंगत सिंह ने बताया कि वह मध्य गंगा नहर निर्माण खंड 7 बिजनौर में जूनियर इंजीनियर पद पर तैनात है। नरेन्द्र कुमार निवासी मुजफ्फरगनर सिंचाई विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी है। नरेन्द्र उपाध्याय ने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के नाम से संगठन बना रखा है, स्वयं को उसका प्रदेश संयुक्त बताता है। कविराज ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र कुमार उपाध्याय संगठन के लेटर पैड पर लोगों की शिकायत कर उन पर दवाब बनाकर अवैध उगाही का काम करता है। नरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने उसकी झूठी शिकायत कर कार्यवाही वापस कराने के नाम दो लाख रूपए की मांग की। पैसे देने से मना करने पर उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। कविराज सिंह की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपी व एक अन्य अज्ञात के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318 (4), 308 (5), 352, 351 (2) व एससी/एसटी अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया है।

# रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप का जोरदार स्वागत



**बिजनौर (चिंगारी)।** रालोद कार्यकर्ता ने नुमाइश ग्राउण्ड चौक पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप का भव्य स्वागत किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। गाड़ियों के काफिले के साथ कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए बैंकेट हॉल पहुंचे, वहां पर स्वागत सभा का आयोजन किया गया। स्वागत सभा में कश्यप समाज के लोगों ने भी भारी तादाद में हिस्सा लिया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में रुहेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष चौ. रामवीर सिंह व योगेन्द्र सिंह चेयरमैन (पूर्व अध्यक्ष हस्तिनापुर क्षेत्र) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार बुद्ध सिंह ने व संचालन संजीव चौधरी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौ. रामवीर सिंह व चौ. योगेन्द्र सिंह चेयरमैन ने कहा कि पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का पूर्ण सहयोग करें तथा चौ.चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करते हुए चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करें। पार्टी में सभी जाति, धर्म, बिरादरी के लोगों को जोड़ने का काम करें। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की सलाह से कार्य करेंगे। सभी को साथ लेकर चलेंगे। इस अवसर पर सरदार बलवीर सिंह, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव नागेन्द्र पंवार, डा. नीरज चौधरी, काजी तारीक अली, आशु राणा, चौ. विरेन्द्र सिंह, विपिन तोमर, सतेन्द्र सिंह, इमरान कुरैशी, पूनम चौधरी, अनुराग मलिक, विजय चौहान, राजेन्द्र सिंह, नीतू तोमर, लवकुश फौजी, चन्द्रपाल बाल्मीकि, पारितोष चंदेल, दीपक डबास, सुरेश राणा, कुलदीप चिकारा, अरेन्द्र तोमर, इकबाल चौधरी, गजेन्द्र सिंह, विजयपाल सिंह, छतरपाल सिंह, डा. निर्दोष गुर्जर, संजीव कुमार, शाहनवाज हुसैन, मो. शुऐब, कल्लू सिंह सारंग, शैलेन्द्र बब्बू आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक अनुपम सचदेवा का आकस्मिक निधन

**चांदपुर (चिंगारी)।** हिंदू इंटर कॉलेज, चांदपुर के विज्ञान शिक्षक अनुपम सचदेवा का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। उनकी आयु 51 वर्ष थी। शोकस्वरूप आज विद्यालय में अवकाश कर दिया गया। उनके निधन की खबर से शिक्षकों में शोक व्याप्त हो गया तथा उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। उनकी पत्नी का चार वर्ष पूर्व निधन हो गया था, वे अपने पीछे एक पुत्र एवं अपनी माता जी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, प्रदेश मंत्री सुधीर अग्रवाल, जिला मंत्री वसीम सिद्दीकी, डॉ. मनोज गोस्वामी, सत्येंद्र सिंह तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा ने अनुपम सचदेवा के आकस्मिक निधन पर शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक संवेदनाएं।

# खुद को डाक्टर बताकर फोन पर की बात, खाते से रूपये साफ

**बिजनौर (चिंगारी)।** थाना शिवालाकलां क्षेत्र के ग्राम सेला में फर्जी डॉक्टर बनकर एक व्यक्ति द्वारा लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ का डॉक्टर बताकर ग्रामीणों के खातों से हजारों रुपये निकलवा लिए। ग्राम सेला निवासी आशा कार्यकत्री गुड़िया पत्नी अशोक पाल के मुताबिक 6 फरवरी की शाम करीब छह बजे उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। कॉलर ने खुद को स्वास्थ्य विभाग लखनऊ का डॉक्टर बताया और गांव की कुछ महिलाओं और उनके परिवार के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उसने आशा कार्यकत्री से संबंधित लोगों को फोन पर उससे बात कराने को कहा। भरोसे में आकर गुड़िया ने आयशा पत्नी शरफुद्दीन और अफसाना पत्नी जाने आलम से फोन पर बात करवाई। इसी दौरान ठग ने दोनों से जानकारी की और दोनों के खातों से पैसे कट गए। पीड़िता ने थाना शिवाला कला में शिकायत देकर अज्ञात नंबर की सर्विलांस के जरिए जांच कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना शिवालाकलां प्रभारी निरीक्षक लखपत सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोप है कि ठग ने शरफुद्दीन के खाते से दो बार में 4,958 रुपये और 1,390 रुपये निकाले। वहीं जाने आलम के खाते से 1,900 रुपये और 5,000 रुपये निकाल लिए गए। घटना के बाद पीड़ितों को ठगी का अहसास हुआ।

# एडेड माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए शासन हुआ गंभीर

## संगठन की मांग पर विशेष सचिव ने आयोग को लिखा पत्र

**बिजनौर (चिंगारी)।** माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के भंग होने के उपरांत इन विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धाराएं स्वत: समाप्त हो गई थीं। परिणामस्वरूप शिक्षकों में भय एवं असुरक्षा की भावना थी। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ निरंतर शासन से धरना प्रदर्शन तथा मांग-पत्रों के माध्यम से नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के नियमों में सेवा सुरक्षा की धारा 12, 18 एवं धारा 21 को जोड़ने की निरंतर मांग कर रहा था। विगत 28 जनवरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा सेवा आयोग तथा विभिन्न शिक्षक नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ में हुई थी। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी द्वारा सेवा सुरक्षा की धाराओं को पुन: स्थापित करने पर



गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया था। उसी क्रम में विगत 6 फरवरी को प्रदेश सरकार के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के सचिव को पत्र लिखकर 28 जनवरी की बैठक का हवाला देते हुए तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के क्रम में सचिव को निर्देशित किया है कि वह उक्त धाराओं के विषय में विस्तृत अध्ययन कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें। संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ़ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि विशेष सचिव के द्वारा सेवा आयोग के सचिव को लिखा गया पत्र संगठन के प्रयासों की सफलता में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। आसिफ ने कहा इसके अतिरिक्त समय-समय पर उनका संगठन शासन से सेवा सुरक्षा बहाली की मांग करता रहा है और विशेष सचिव का यह पत्र शिक्षक समाज को आशान्वित करता है कि निकट भविष्य में दोनों धाराएं धारा 18 तथा धारा 21 बहाल होंगी और शिक्षकों के मन में व्याप्त भय एवं असुरक्षा की भावना दूर होगी।

# दो दर्जन दुकानों से हटाया अतिक्रमण

# दस हजार जुर्माना वसूला

## मुख्यमंत्री पोर्टल पर आयी शिकायतों पर निगम ने की कार्रवाई

**सहारनपुर ( चिंगारी )। नगर निगम ने सोमवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर आयी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जेबीएस कॉलेज से पक्का बाग तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान करीब दो दर्जन स्थानों से सड़क पर फैलाकर रखा गया सामान हटवाया और दस दुकानदारों से दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कचहरी पुल के निकट भी एक कपड़े की दुकान पर एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।**

जेबीएस कॉलेज से पक्का बाग तक सड़क पर सामान फैलाकर अतिक्रमण करने की शिकायत कुछ लोगों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सुबह प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने आज जेबीएस कॉलेज तिराहे पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरु किया। सड़क पर रखा अनेक दुकानदारों का सामान उठाकर निगम के वाहनों में रखा जाने लगा तो दुकानदारों में खलबली मच गयी। बाद में दुकानदारों द्वारा भविष्य में अतिक्रमण न किये जाने का आश्वासन देने पर जुर्माना लगाते हुए उनका सामान वापिस कर दिया गया। करीब दो दर्जन दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया और दस दुकानदारों से दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर ही की गयी एक अन्य शिकायत पर कचहरी पुल के निकट एक रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान का भी चालान किया गया। निगम द्वारा दुकान के बाहर रखा गया सामान जब्त किया गया, लेकिन बाद में एक हजार रुपये जुर्माना वसूल कर चेतावनी के साथ वापिस कर दिया गया। दीवानी कचहरी के पास भी ठेलियों का अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी नेगी, सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल की टीम शामिल रही।

# पंचायत घर से बैटरा चुराने वाला पकड़ा



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** 2 दिन पूर्व गांव करौंदा पचदू पंचायत घर से हुए बैटरा चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक की निशान देही पर बैटरा व घटना में उपयुक्त रिक्शा भी बरामद करने का दावा किया है। थाना क्षेत्र क गांव करौंदा पचदू के पंचायत घर से एक बैटरा चोरी हो गया था जिसकी तहरीर पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव के ही ईस पुत्र बुन्दु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। युवक ने बताया कि उसने बैटरे को गांव के एक निर्माणाधीन मकान में छुपा दिया है तथा वह बैठे तीन पहियों की पैन्डिल वाली रिक्शा में लेकर गया था। पुलिस ने बैटरा बरामद कर युवक का संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

# अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिव मंदिर ग्राम रूपपुर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। कल दोपहर को मंदिर पर विशाल भंडारा होगा। पंडित अनिल शर्मा के द्वारा अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य जजमान ठाकुर वेद प्रकाश सिंह रहे। इस अवसर पर भगत जी, भरत लाल, ऋषभ चौहान, आदर्श कुमार, नितिन कुमार, हिमांशु कुमार, काव्य कुमार, लकी, कृष, नैतिक, दीक्षित, ललित और डा अवनीश कुमार आदि ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

# एक दिवसीय रासेयो शिविर का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं दितीय इकाई के शिविर का आयोजन गांव धर्मनगरी में किया गया। शिविर का शुभारम्भ करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने छात्र /छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विभिन्न प्रकार के कौशल विकास से सम्बन्धित जानकारी दी। NSS प्रभारी अभिषेक भारद्वाज ने एक दिवसीय एवं सात दिवसीय शिविरों की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर हर्ष राजपूत, पुनीत कुमार, मीडिया प्रभारी अनुज कुमार, देविकी रावत, फाल्गुनी शर्मा, सिमरन भारद्वाज, काजल, प्रिया, सिमरन आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा



पंचायत में बोलते ऋषिपाल सिंह।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति परिसर में आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने आगामी 21 फ़रवरी को क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर दहाना (सैदपुर माफी) में आयोजित होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में किसानों से पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि महापंचायत को राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत सम्बोधित करेंगे। गन्ने की घटतौली व यातायात पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में किये जा रहे वाहनों के चालान, बंदरों को पकड़ने व अहीरपुरा के पास बान नदी के पुल का चौड़ीकरण करने व गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की। चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पंचायत में पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़,शीशपाल सिंह,सुधीर शर्मा, कफ़ील सैफ़ी,डॉ इशरत अली वारसी, नासिर मलिक, पीयूष कुमार, कल्याण सिंह,समरपाल सिंह,दुष्यंत यादव,सुशील ठाकुर,कावेंद्र मलिक, लोकेश सिंह, साजिद अली,आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता लटूर सिंह व संचालन ऋषिपाल सिंह ने किया।

# मिलेनियम के छात्रों ने जीते कई मेडल




**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से 14वीं जिला बिजनौर ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन वर्धमान डिग्री कॉलेज, बिजनौर के प्रांगण में किया गया, जिसमें मिलेनियम स्कूल कोतवाली देहात की छात्रा अलशिफा कक्षा 8 ने गोल्ड मेडल, हुमेरा कक्षा 8 ने गोल्ड मेडल, छात्र धैर्य कक्षा 5 ने गोल्ड मेडल, छात्र आयुष कक्षा 7 ने गोल्ड मेडल,छात्र तनिष्क कक्षा 6 ने सिल्वर मेडल, छात्र कुनाल कक्षा 5 ने सिल्वर मेडल, छात्र शिवांक कक्षा 6 ने ब्रॉन्ज मेडल, छात्र अनमोल कक्षा 4 ने ब्रॉन्ज मेडल, छात्र विवेक कक्षा 4 ने ब्रॉन्ज मेडल, छात्रा कनक कक्षा 5 ने ब्रॉन्ज मेडल,छात्र राघव कक्षा 5 ने ब्रॉन्ज मेडल,छात्र हनी कक्षा 4 ने ब्रॉन्ज मेडल, प्राप्त किये। इस प्रतियोगिता में मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल ट्रॉफी पर कब्जा किया। स्कूल पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने बच्चों तथा कोच रिंकू वर्मा का जोरदार स्वागत किया।

# गूंजने लगे बम बम के बोल, शिवमय होने लगा माहौल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर महादेव का जलाभिषेक करने के लिए कांवरतियों द्वारा हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य को जाना प्रारम्भ हो गया है, जिससे नगर का वातावरण से शिवमय हो गया है। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के साथ पैजनिया-चांदपुर मार्ग,डम्बलपुरी फाटक, धनौरा रोड आदि कांवड़ मार्गों व रामलीला मैदान में कांवरतियों की सेवा के लिए लगाये जाने वाले शिविर स्थलों का निरीक्षण किया तथा कांवड़ ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एएसपी ग्रामीण ने यहां से गुजर रहे कांवरतियों की कुशलक्षेम पूछते हुए उनकी यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया।



कांवड़ यात्रा का निरीक्षण करते हुये एएसपी ग्रामीण।

# 11 से 14 फरवरी तक चलेगा भंडारा

**सोशल वैलफेयर क्लब चांदपुर की ओर से कांवरतियों की सेवा के लिए नगर के रामलीला मैदान में 11 फरवरी से 14 फरवरी तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगातार 72 घंटे कांवरतियों की सेवा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर के चेयरमैन अमित गोयल ने बताया कि भंडारे में कांवरियों के लिए दवाई, दूध, चाय, कच्चे व पक्का खाने, गर्म व ताजे, पानी, बिस्तर, नाश्ते तथा रात्रि में जागरण की व्यवस्था रहेगी।**

# कक्षा 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

## खुशी राजपूत बनी 'मिस आरपीएम' और वंश चौधरी 'मिस्टर आरपीएम'

**चंदक ( चिंगारी )। आरपीएस. पब्लिक स्कूल चंदक में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं को स्नेहपूर्वक विदाई दी गई।**

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों के ढोल-नगाड़ों के साथ उल्लासपूर्ण प्रवेश से हुआ। इसके पश्चात तिलक एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. बीरबल सिंह, प्रबंधक तपराज सिंह देशवाल, चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह तथा मेजर डॉ. अभिनव सिंह ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्रदान किया। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत




किए गए, जिनमें नृत्य एवं अन्य मनोहारी प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावनाओं से भर उठा। इस अवसर पर माननीय चेयरमैन डॉ. बिरबल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने इस विद्यालय में अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष बिताए हैं। ये स्मृतियाँ सदैव आपके साथ रहेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़कर अपने लक्ष्य की ऊँचाइयों को छूने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधक तपराज सिंह देशवाल ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि बचपन में माता-पिता की बातें कई बार अच्छी नहीं लगतीं, किंतु समय के साथ यह अनुभव होता है कि माता-पिता सदैव सही मार्गदर्शन करते हैं। अत: सभी को माता-पिता एवं बड़ों का सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का यह क्षण भावनाओं और गर्व से भरा हुआ है, क्योंकि आप अपने जीवन के एक नए अध्याय में प्रवेश कर रहे हैं। यह विद्यालय सदैव आपका घर रहेगा और आप हमेशा विद्यालय परिवार का अभिन्न हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विशेष टैग वितरित किए गए। इसी अवसर पर खुशी राजपूत को 'मिस आर.पी.एस.' तथा वंश चौधरी को 'मिस्टर आर.पी.एस. ऑफ द ईयर' चुना गया।

# चौकीदार के परिवार पर किया जानलेवा हमला

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा में थाने के ग्राम चौकीदार के परिजनों को चार भाइयों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला करके घायल कर दिया। चौकीदार का पुत्र गंभीर रूप से घायल हुआ है। ग्राम तिसोतरा निवासी चौकीदार कलवा सिंह का कहना है कि उसकी पत्नी तारावती घर के सामने सड़क पर झाड़ू लगा रही थी। तभी वहां से गांव निवासी बंटी पुत्र मुन्नू सिंह गालियां देते हुए जा रहा था। उसकी पत्नी ने बंटी को अपने घर के सामने गालियां देने से मना किया, तो वो आग-बबूला हो गया। थोड़ी देर बाद बंटी अपने भाइयों गौरव , शुभांकर तथा अंकित को बुला लाया तथा उसके घर में घुसकर लाठी - डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने दो बार उसके घर पर हमला किया। कलवा सिंह का कहना है कि हमलावरों ने उसके पुत्र बुदेश का सिर फाड़ दिया। उसके सिर में कई टांके आये हैं तथा वह जिला अस्पताल में भर्ती है। बुदेश के पुत्र अभिषेक तथा तारावती पत्नी कलवा सिंह को ही काफी चोटें आई हैं। कलवा सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बंटी, गौरव, शुभांकर एवं अंकित पुत्रगण मुन्नू सिंह निवासीगण ग्राम तिसोतरा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने दिव्यांग जनों से किया संवाद




प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण करता इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल का स्टाफ।

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित प्रेमधाम आश्रम में इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक सेवा भावना के अंतर्गत भ्रमण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आश्रम में रह रहे बच्चों एवं दिव्यांगजनों से आत्मीय संवाद कर उनके साथ समय व्यतीत किया। दौरे के दौरान बच्चों को उनके प्रति संवदेनाशीलता हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाधार्या डॉ. अंजना राजपूत ने कहा कि समाज के प्रत्येक बच्चे में असीम संभावनाएं होती हैं। ऐसे सेवा कार्य विद्यार्थियों में करुणा, संवेदनशीलता व मानवता के मूल्यों को विकसित करते हैं। आश्रम प्रशासन ने इस सराहनीय पहल के लिए विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं तथा समाज को सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। इस सामाजिक कार्य के प्रति विद्यालय प्रबन्धन ने प्रेमधाम आश्रम प्रशासन का आभार व्यक्त कर सभी विद्यार्थियों को मानवहित में इंसानियत का प्रतीक बनने की प्रेरणा दी।

# विद्युत पेंशनर्स परिषद का गठन

## चौधरी विजेन्द्रपाल सिंह अध्यक्ष, दिनेश चंद सचिव बने

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विद्युत पेंशनर्स परिषद के मुख्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार वर्ष 2026 के चुनाव हेतु संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से जनपद बिजनौर शाखा का गठन किया गया। श्री विजेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता एवं श्री दाऊद हसन के संचालन में आयोजित बैठक में पदाधिकारी चुने गये। अध्यक्ष चौ. बिजेन्द्र पाल सिंह उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा व अशोक कुमार गुप्ता, सचिव दिनेशचंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष्ज्ञ मनमोहन शर्मा, संगठन सचिव शमीम अहमद, प्रचार सचिव रतेन्द्र विश्नोई, लेखापरीक्षक सर्वेश कुमार अग्रवाल चुने गये। इनके साथ ही महावीर सिंह, अमरपाल सिंह शर्मा, डालू सिंह, प्रमोद कुमार तथा लड्डन कार्यकारिणी सदस्य चुने गये।

# कांवड़ियों की सेवा में जुटे ग्राम प्रधान मौ. अली कस्सार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** हरिद्वार से पैदल चलकर आ रहे शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी लगे हुए है। भागूवाला जटपुरा मार्ग कांवड़ियों का प्रमुख पैदल मार्ग होता है। कांवड़ मेले के दौरान इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद रहता है। जिससे शिवभक्त आराम से कांवड़ लेकर आगे बढ़ते जाते है। जटपुरा खास के ग्राम प्रधान मोहम्मद अली कस्सार भी शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए है। कांवड़ मेले से पूर्व पंचायतघर में साफ सफाई कराकर कांवड़ियों का स्वागत करते है। उनके ठहरने की व्यवस्था, शौचालय, पानी, बिजली आदि व्यवस्थाओं को सही ढंग से कराते है। ग्राम प्रधान ने बताया कि हम सभी क्षेत्र के लोग एक दूसरे के त्यौहारों को मिलजुलकर मनाते है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग कर कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए क्षेत्रवासियों से अपील की है।

# मंडावली थाना प्रभारी ने कांवड़तियों को कम्बल बांटे

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बीती रात भागूवाला जटपुरा कांवड़ मार्ग पर कांवड़तियों के शिविरों का निरीक्षण कर कांवड़ियों को सर्दी से बचाने के लिए कम्बल वितरित किये। थाना प्रभारी ने कहा कि कांवड़तियों की सेवा के लिए क्षेत्र के सभी लोगों को आगे आना चाहिए। क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी के इस कार्य की सराहना की।



# मोटा महादेव पर पूजा के बाद अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे शिवभक्त



**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** हरिद्वार से पैदल चलकर शिवभक्त भजनों में लीन होकर कदम से कदम मिलाते हुए अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे है। हरिद्वार से आने वाले कांवड़ती पहले पड़ाव मोटा महादेव मंदिर पर रूक कर पूजा-अर्चना कर रहे है। मंदिर में शिवभक्त पुजारी शशिनाथ की देखरेख में पूजा अर्चना करते है। बाबा भैरो का आशीर्वाद रूपी सोठा लगवाकर अपनी थकान को दूर कर रहे है। कुछ देर आराम करने के बाद शिवभक्त अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे है। थाना प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई सोनू सिंह, संजय कुमार, देवपाल सिंह, राहुल कुमार, दयानंद आदि पुलिस बल कावड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में जुटा हुआ है। टीएसआई रवि नैन भी अपनी टीम के साथ ट्रैफिक को कंट्रोल कर रहे हैं। जिससे कांवड़ियों को हरिद्वार से चलकर आने में कोई परेशानी न हो।

# चाइनीज़ मांझे से बैंक कर्मचारी जखमी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बावजूद नजीबाबाद क्षेत्र में चाइनीज़ मांझे से होने वाली घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। डबल फाटक फ्लाईओवर पर बाइक से गुजर रहे रूड़की निवासी पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर के पद पर तैनात आशीष नगीना से रूड़की जा रहा था। जब वह नजीबाबाद डबल फाटक पुल से गुजर रहा था तो अचानक चाइनीज़ मांझे की चपेट में आकर उनकी नाक घायल हो गयी। घायल को उधर से गुजर रहे समाजसेवी फहीम अहमद ने तुरंत उपचार के लिए नगर के निजी अस्पताल अपनी बाइक से ले जाकर भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के बाद बैंककर्मी को छुट्टी दे दी गई है। नजीबाबाद में फ्लाईओवरों पर चाइनीज़ मांझे की चपेट में आकर न जाने कितने लोग घायल हो चुके है मगर पुलिस चाइनीज़ मांझा बेचने व उससे पतंग उड़ाने वालों पर रोक नहीं लगा पा रही है।

# रासेयो शिविर में आयोजित किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**धामपुर (चिंगारी)।** आरएसएम कॉलेज में प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल के संरक्षण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'मेरा वोट, मेरा अधिकार' विषय पर किया गया।

इस मौके पर निकाली गई रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय की शिक्षिका प्रो. पूनम घई ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी से लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मतदाता जागरूकता अभियान क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक यादव ने कहा कि युवा मतदाता देश के भविष्य की दिशा तय करते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वयंसेवक को जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनना चाहिए। प्रो. शौराज सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र सामाजिक सरोकारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। शिविर के बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों को साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए।

इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड एवं सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। डॉ. भावना वत्सल ने साइबर अपराध से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए छात्रों को किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. अर्चना गहलौत एवं डॉ. सुनील वर्मा और स्वयं सेवकों प्रीति चौहान, लवी मसूरी, फिज़ा अली, विपिन कुमार, यश राघव, अनुराग, अंकुर आदि का सहयोग रहा।



एनएसएस के शिविर में मतदाता जागरूकता पर विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टर पूनम घई।

## चाइनीज मांझे के विरुद्ध चलाया अभियान बेचने वाले का किया चालान

**किरतपुर (चिंगारी)।** शासन के निर्देश जिलेभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत किरतपुर में चाइनीज मांझा बेचने के एक आरोपी को पुलिस ने छापेमारी के दौरान दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने नजीबाबाद निवासी एक व्यक्ति से चाइनीज मांझा खरीदा था। पुलिस नजीबाबाद निवासी व्यक्ति की तलाश कर रही है, जिसने चाइनीज मांझा युवक को बिक्री किया था। चाइनीज मांझे की बिक्री रोकने और बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए जनपद में पुलिस व प्रशासन की टीम जांच व छापेमारी अभियान चलाते हुए सोमवार को नहटौर में भी पतंग बिक्री करने वालों के यहां पर टीम ने जांच कर चेतावनी भी दी। उधर, सोमवार की दोपहर जांच अभियान के दौरान कस्बा किरतपुर स्थित ग्राम छितावर रोड पर स्थित एक नवनिर्मित कालोनी में कस्बे के मुहल्ला भुड्डी निवासी आदिल खां पुत्र कुदरतउल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बोरी में चाइनीज मांझे की पांच चरखी और 113 लच्छी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक को सक्षम न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चाइनीज मांझे को लेकर अभियान जारी है और एक युवक पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया।



## 20 डॉक्टरों का पैनल तैयार, शिवभक्तों को मिलेगा उपचार

**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ, धामपुर ने नगर के अनुभवी व प्रतिष्ठित 20 डॉक्टर्स का एक पैनल बनाया है, जो हरिद्वार से कांवर लाने वाले शिव भक्तों को नि:शुल्क चिकित्सा व उपचार उपलब्ध कराएगा। संस्था द्वारा विगत 25 वर्षों से महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कांवरियों की सेवा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष भी महासंघ द्वारा शीला टॉकीज के पास, शुभम अस्पताल के सामने 12 एवं 13 फरवरी को नि:शुल्क कांवरती चिकित्सा सेवा शिविर लगाया जा रहा है। 12 फरवरी को प्रात: 8:00 बजे शिविर का उद्घाटन होगा।

हरिद्वार से लगभग 100 किलोमीटर पैदल यात्रा कर आने वाले शिव भक्तों को पैरों में छाले, दर्द, बुखार, थकान एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इस शिविर में कांवरियों को दर्द निवारक, बुखार, पेट रोग सहित सभी आवश्यक दवाइयां पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी तथा जलपान की भी व्यवस्था रहेगी।

इस सेवा कार्य में नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रवेंद्र सिंह, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ. आर.के. चौहान, डॉ. एन.पी. सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. लोकेंद्र सिंह, डॉ. बी. के. सिंह, डॉ. मनोज प्रताप सिंह, डॉ. राघव चौहान, डॉ. विभु प्रताप सिंह, डॉ. राममूर्ति सिंह, डॉ. एस.एस. राजपूत, डॉ. अभिमन्यु सिंह, डॉ. वी.के. रघुवंशी, डॉ. नागेंद्र शेखावत, डॉ. हरिकांत सुमन, डॉ. हर्षदेव सिंह अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। महासंघ के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि कांवरियों की सेवा सच्ची शिव-सेवा है। शिव भक्तों की पीड़ा को कम करना हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व है।

### संबंध विच्छेद सूचना

हमारे भाई बल्ले सिंह व भाभी बाला देवी की मृत्यु के बाद हमारा भतीजा आकाश कुमार पुत्र स्वर्गीय बल्ले सिंह जो कि गलत संगत में पड़ चुका है। यह आयेदिन हमारे साथ गाली-गलौच व अभद्र व्यवहार करता है। हमने इसे काफी समझाने की कोशिश की, परन्तु यह मानने को तैयार नहीं है। हम उसके इस अभद्र व्यवहार से तंग आकर अपने भतीजे आकाश कुमार से अपने सारे संबंध विच्छेद करते हैं। आज के बाद से हमारा इससे कोई मतलब वास्ता नहीं रहेगा। इसके द्वारा किए गए जो भी अच्छे बुरे कार्य होंगे, उसका यह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कन्हैया सिंह व महेंद्र सिंह पुत्रगण स्वर्गीय रामचंद्र सिंह निवासी ग्राम शिवपुरी, थाना परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD JISAN था, अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ZEESHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा व पहचाना जाए। MOHAMMAD ZEESHAN S/O ABDUL RAHEEM, NAYAK SARAI AFZALGARH, BIJNOR U.P. PIN- 246722

## भारतीय किसान संघ की बैठक में ग्राम समितियां बनाने पर जोर

**किरतपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान संघ विकास खंड किरतपुर की मासिक बैठक डबाकरा हॉल किरतपुर में संपन्न हुई। बैठक में छुट्टा पशु व गौशाला के पशुओं को अलग-अलग रंग के बिल देने पर जोर दिया गया एवं खाद्य समिति द्वारा गन्ना किसानों का 7 प्रतिशत ब्याज में 4 प्रतिशत ब्याज वापसी नहीं आने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में ग्राम समितियां बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में धर्मपाल सिंह, कर्मेंद्र सिंह, बलराम सिंह, श्रीमती प्रभादेवी, मास्टर वीरेंद्र सिंह, कुलबीर सिंह, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## मुस्लिम परिवार की तीसरी पीढ़ी बना रही कांवड़

**धामपुर (चिंगारी)।** आस्था, श्रद्धा और विश्वास के पर्व महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से कांवर में जल भरकर देवों के देव महादेव के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्त कांवर लेकर धामपुर से रवाना होने लगे हैं। शिव भक्त यहां से कांवड़ ले जाकर हरिद्वार में हरकी पैड़ी पर पूजन कराकर उसमें गंगाजल की शीशियां और केन रखकर अपने-अपने स्थान को रवाना होते हैं। धामपुर नगर के मोहल्ला साहूवान निवासी अब्दुल हकीम के परिवार की तीसरी पीढ़ी पिछले 50 वर्ष से महाशिवरात्रि पर्व पर कांवर बनाने का कार्य कर रही है। वर्तमान में मुस्तकीम अहमद, मोहम्मद रेहान और मोहम्मद फरमान आदि कांवर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांवर बांस की पट्टी और खम्मच से बनाई जाती है, जिसमें जल रखने के लिए टोकरी भी लगाई जाती है। उन्होंने बताया कि कांवर दो प्रकार की होती है, एक बैठी कांवर और दूसरी खड़ी कांवड़ उन्होंने बताया की एक खड़ी कांवड़ 400 रुपए और बैठी कांवर 300 रुपए के हिसाब से सेल की जाती है। उन्होंने बताया कि कांवर बनाने के लिए कच्चा माल नजीबाबाद और धामपुर से ही खरीदा जाता हैं। कांवर लेने के बाद शिव भक्त उसे सजाने के लिए कपड़ा, घंटी, खिलौने और अन्य समान हरिद्वार से ही क्रय करते हैं।



कांवर बेचते हुए युवक।

## सोशल मीडिया पर व्यूज बढ़ाने के लिये दीपक को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पौड़ी पुलिस ने दीपक को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई कर ढूंढ निकाला है। आरोपी ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर व्यूज बढ़ाने के लिए दीपक को जान से मारने वाला पोस्ट डाला था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 8 फरवरी को स्थानीय निवासी दीपक ने कोतवाली में कोटद्वार में अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उन्हें जान से मारने के संबंध में दो लाख का इनाम देने की धमकी संबंधी शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत पौड़ी पुलिस द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही शुरू की गई। तकनीकी एवं आवश्यक सूचनाओं के माध्यम से की गई जांच में सोशल मीडिया पर उक्त पोस्ट प्रसारित करने वाले युवक की पहचान उत्कर्ष कुमार, निवासी- मोतीहारी (बिहार) के रूप में हुई थी, जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा बिहार पुलिस से निरंतर संपर्क एवं समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्यवाही की गई तथा बिहार पुलिस के सहयोग से उक्त युवक को नजदीकी थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान युवक द्वारा बताया गया कि उनके सोशल मीडिया पर फॉलोवर नहीं बढ़ रहे थे और दीपक नामक व्यक्ति सोशल मीडिया में ट्रेंडिंग में चल रहा था जिस कारण सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त पोस्ट उनके द्वारा केवल अपने सोशल मीडिया चैनल की व्यूज एवं रीच बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी जिससे उनके फॉलोवर और बढ़ जाएं। युवक का कहना था कि वीडियो में दी गई जान से मारने की धमकी झूठी है तथा उसका इस प्रकार का कार्य करने का कोई इरादा नहीं है। वहीं इस प्रकरण में पौड़ी पुलिस टीम द्वारा युवक के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# देश को भीतर के कुछ लोगों से है अधिक ख़तरा : ऋतु राज

## कुंभी चौड़ में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋतुराज ने कहा कि वर्तमान में देश को बाहरी लोगों से अधिक, देश के ही भीतर कुछ लोगों से अधिक खतरा है, जो देश व समाज को विभिन्न तरीकों से बांटने की साजिश रच रहे हैं। इनसे मुकाबला करने के लिए सभी हिंदुओं को एकजुट होना होगा।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से नगर निगम के कुंभीचौड़ में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।



हिंदू सम्मेलन को सबोधित करते राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋतुराज

सम्मेलन को संबोधित करते हुए संघ की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य ऋतुराज ने कहा कि जब-जब देश में आतंक फैला, तब तब संत देश की रक्षा को खड़े नजर आये। यह देश भगवान श्रीकृष्ण, श्री राम से लेकर चाणक्य, चंद्रगुप्त, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद, दयानंद सरस्वती और शिवाजी महाराज जैसे संतों का है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए इस तरह के सम्मेलन आयोजित कर रहा है और हिंदुओं को जगाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहन ज्योति ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक शिक्षा सहित हर पर्व और त्यौहार के महत्व की जानकारी देते रहना चाहिए। तत्पश्चात कार्यक्रम में क्षेत्रीय स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक और धार्मिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में महिला मंगल दल से जुड़ी महिलाओं सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन अशोक अमोला ने किया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के महानन्द ध्यानी, बृजमोहन चौहान, सुनील डोबरियाल, बिष्णु अग्रवाल, अरविंद दुदपुड़ी, प्रदीप गुसांई, सुमन कोटनाला, शैलेन्द्र बिष्ट, विजयानन्द पोखरियाल और राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति मौजूद रही।

## 24 निर्धन मेधावी छात्रों को प्रदान की छात्रवृति, 5 दिव्यांगों को दी आर्थिक सहायता

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा ट्रस्ट की ओर से सोमवार को आर्य समाज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 24 निर्धन मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति एवं 5 दिव्यांगों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस दौरान लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग आंदोलन के संयोजक प्रवीण थापा को विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा जनसरोकार सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुराग शर्मा ने कहा कि दानबीर विश्वम्भर दयाल मुनि विश्वकर्मा सही अर्थों में महर्षि दयानंद सरस्वती के अनुयायी व आर्य समाजी थे। उन्होंने अपनी जमीन-जायदाद बेचकर निर्धन छात्र-छात्राओं में शिक्षा की अलख जगाने व दीन दुखियों की सेवा हेतु ट्रस्ट की स्थापना की। विशिष्ट अतिथि शिक्षक दीपक जदली ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो अंधकार से प्रकाश एवम विज्ञान की ओर ले जाए। महर्षि दयानंद सरस्वती ने जीवनभर अंधविश्वास-पाखण्ड का विरोध किया था व समाज मे ब्याप्त कुरीतियों के खात्मे के लिए अपना जीवनदान कर दिया था। विशिष्ट अतिथि बीरेन्द्र देवरानी ने शिक्षा दान को महादान बताते हुए कहा कि मुनि की दूरदृष्टि को हम नमन करते हैं जिन्होंन शिक्षा के प्रसार के लिए ट्रस्ट की स्थापना की। कहा कि समाज के लिए दिए गए उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक सचिव डा. सुरेंद्र लाल आर्य, शूरबीर खेतवाल, राजेन्द्र प्रसाद पन्त, प्रवेश नवानी, धीरेंद्र नेगी, पुष्पा वर्मा, नमिता बुड़ाकोटी और महेंद्र अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जीआईसी झण्डीचौड़ में बाल अधिकारों व संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज झंडीचौड़ में सोमवार को जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से बाल अधिकारों, संरक्षण एवं विधिक प्रावधानों को लेकर जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को किशोर न्याय अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, बाल अधिकारों तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की उपयोगिता की जानकारी दी गयी।

इस दौरान संदर्भदाता निखिल डेविड ने किशोर न्याय अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को सरल भाषा मे समझाते हुए बच्चों को उनके अधिकारों एवं संरक्षण की जानकारी दी। वहीं प्रज्ञा नैथानी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की भूमिका और आपात परिस्थितियों में इसकी त्वरित सहायता प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्रा ने पोक्सो अधिनियम एवं बाल अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने, सजग रहने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों, संरक्षण से जुड़े कानूनों तथा सहायता सेवाओं की जानकारी देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सोहन लाल, सुभाष गुसाईं, विजयलक्ष्मी, पूजा असवाल, धर्मेंद्र सिंह, प्रीति सहित समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी कण्वघाटी की बालिकाओं ने किया पतंजलि योगपीठ का भ्रमण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत कण्वघाटी स्थित पीएमश्री शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कालेज की लगभग 200 छात्राओं ने एक्सपोजर विजिट के तहत रविवार को पतंजलि योगपीठ का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने पतंजलि योगपीठ के आचार्यकुलम, अनुसंधान भवन, योग भवन, पौधशाला आदि के बारे में जानकारी जुटाई। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ पहुंचकर छात्राओं ने योग, आयुर्वेद, हर्बल मेडिसिन की निर्माण प्रक्रिया के साथ ही संस्था के योग, आयुर्वेद व अनुसंधान प्रकल्प के बारे में व्यावहारिक जानकारी ली। साथ ही उन्होंने योग और आयुर्वेद के भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को समझा। प्रधानाचार्या पुष्पा धस्माना ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं को भारतीय योग और आयुर्वेद की समृद्ध परंपरा से परिचित कराना था। दल का नेतृत्व शिक्षिका भावना पांडे, ऊषा रावत, सीमा, ऋतु, किरण जागरवाल, अर्चना कंडवाल, सावित्री रावत, कल्पना जोशी, संगीता, हेमलता बडोला आदि शिक्षिकाओं ने किया।

## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी कार्यालय पर किया स्वागत

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रेलवे रोड स्थित कांग्रेस भवन में महिला कांग्रेस के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा मिश्रा, श्यामपुर ब्लॉक अध्यक्ष महिला श्रीमती शोभा भट्ट तथा इसके साथ ही नवनियुक्त ओबीसी प्रदेश महासचिव एड. सिंहराज पोसवाल, ओबीसी जिलाध्यक्ष संजय भारद्वाज एवं ओबीसी महानगर अध्यक्ष ऋषिकेश चौधरी, सुमित चौहान का पुष्प गुच्छ, देकर माला पहना कर तथा मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष एड. राकेश सिंह एवं जयेंद्र रमोला ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व के द्वारा आप सभी लोगों को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है और उनके साथ-साथ महानगर कांग्रेस कमेटी भी आपसे आशा करती है कि आप कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति के साथ चलते हुए पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। पूर्व काबीना




मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण व राजपाल खरोला ने कहा कि सभी पदाधिकारी का चुनाव बहुत सही ढंग से किया है। यह सभी अपने-अपने क्षेत्र में कांग्रेस को आगे बढ़ाने में सक्षम हैं और पिछले काफी समय से जनता की सेवा कर रहे हैं। आज समाज को ऐसे ही लोगों की आवश्यकता है जो जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते रहे हो। क्योंकि कांग्रेस का उद्देश्य और नारा ही कांग्रेस का हाथ आमजन के साथ रहा है और समूची कांग्रेस पार्टी किसी मूल मंत्र के साथ पूरे देश में काम करती है और आगे भी करती रहेगी। इस मौके पर कांग्रेस जनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी मदन मोहन शर्मा, महंत विजय सारस्वत, राकेश अग्रवाल, मनोज गोसाई, भगवती सेमवाल, सोहनलाल रतूड़ी, सूरत सिंह कोहली, पार्षद देवेंद्र प्रजापति भगवान सिंह पंवार, किशोर गौड़, राजेंद्र कोठारी, हरि सिंह नेगी, ऋषि सिंघल, भूपेंद्र राणा, अशोक शर्मा, हिमांशु जाटव, श्रीमती कमलेश शर्मा, मधु जोशी, उमा ओबेरॉय, परमेश्वर राजभर, राजकुमार गुप्ता, राजेश शाह, विक्रमजीत वशिष्ठ, राकेश वर्मा, बप्पी अधिकारी, राजकुमार गुप्ता, हिमांशु कश्यप, कुलविंदर सिंह, अकबर, रामेश्वरी, संदीप राजभर, पुरंजय राजभर, सायरा, मनोज, उर्मिला, बिंदु, लीला, रेखा देवी, दुर्गा देवी आदि उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# ट्रैक्टर खाई में गिरने से चार कांवड़ती घायल

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के कोटावाली नदी के पास गत रात्रि जनपद अमरोहा से हरिद्वार जल लेने जाते हुए कांवड़ियों का महेंद्रा ट्रैक्टर नंबर एचआर 88 ए-3623 अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। गनीमत रही कि ट्रैक्टर पलटा नहीं। ट्रैक्टर में सवार चार कांवड़ यात्री चोटिल हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रैक्टर में सवार खेमपाल ( 35 वर्ष ) पुत्र हरी सिंह, ओमवती ( 72वर्ष ) पत्नी ईश्वरी प्रसाद, गीता ( 40 वर्ष ) पत्नी गजेंद्र, दयावती ( 45वर्ष ) पत्नी मनोज कुमार निवासी ग्राम मंगूपुरा थाना रजबपुर जनपद अमरोहा घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली भेजकर उपचार कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर को निकलवा दिया गया था। घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।


खुशखबरी खुशखबरी

सभी किसान भाइयों को जानकर हर्ष होगा कि रौनक कोल्ड स्टोरेज नगीना रोड बिजनौर में आलू का भंडारण 12 फरवरी 2026 से आरम्भ हो रहा है।

सम्पर्क सूत्र- 6396082787

आवश्यकता है

जे.पी. ऑटोमोबाइल्स

( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )

Hero

हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

तुरन्त आवश्यकता

बिजनौर स्थित किराना स्टोर हेतु 02 युवकों की। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें:- मो. 9837202653

बिजनौर जनपद में

एक मात्र CEAT TYRE STOP

कोई भी रोड, कोई भी लोड

ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन



ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION | UNCONDITIONAL WARRANTY * | COMPUTERISED TYRE SERVICE

Authorised Dealer : CEAT Ltd.

KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS

*नियम व शर्तें लागू

नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर

मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

आवश्यकता है- अनुभवी, कुशल युवक की

आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

TEACHERS REQUIRED

PRAKASH PUBLIC SCHOOL

(An English Medium Co-Educational School)


Dayalwala Road, Mandawar (Bijnor)

Invites Applications for

TGT & PGT TEACHERS

TGT Classes 1 to 8
- All Subjects

PGT Classes 9 to 12
- English
- Mathematics
- Physical Education (PHE)



Eligibility Criteria:
- Graduate / Post Graduate in relevant subject
- B.Ed. preferred
- Good English Communication Skills
- Teaching Experience Preferred

CONTACT US: 6396142844

Dayalwala Road, Mandawar (Bijnor)

Walk-In Interviews: Apply Now!

ST. PAUL'S INTER COLLEGE MANDAWAR

सन्त पॉल्स इण्टर कॉलेज

मण्डावर

मान्यवर आपको जानकर बड़ा हर्ष होगा कि सन्त पॉल्स इण्टर कॉलेज मण्डावर में कक्षा नर्सरी से कक्षा-7 में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन किये जा रहे हैं। अतः आप शीघ्र अपने बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करा लें। धन्यवाद।

रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ तिथि- 20 जनवरी 2026

प्रातः - 11 बजे से 01 बजे तक



विद्यालय की उपलब्धियाँ/विशेषतायें
- सस्ती उत्तम गुणवत्ता परक शिक्षा।
- योग्य अनुभवी व प्रशिक्षित शिक्षकगण।
- वर्ष 2011 से लगातार 100 प्रतिशत रिजल्ट।
- संस्कारिक व अनुशासित शिक्षा प्रणाली।
- आधुनिक तकनीकी युक्त कम्प्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था।
- भौतिक, रसायन व जीवविज्ञान तथा गृहविज्ञान की उत्तम प्रयोगशालाएं।
- समय-समय पर खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता व निबन्ध/प्रश्नोत्तरी की व्यवस्था एवं खेल कूद हेतु विशाल मैदान की व्यवस्था।
- सुरक्षा की दृष्टि से सी.सी.टी.वी. कैमरों की व्यवस्था।
- बारहवीं (इण्टर) तक मान्यता प्राप्त विद्यालय।

प्रवेश प्रारम्भ कक्षा नर्सरी से कक्षा-1



अधिक जानकारी के सम्पर्क करें: मो0 8679283405, 8958548070